BIADA

# बिहार औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकार

प्रथम तल, उद्योग भवन, पूर्वी गाँधी मैदान, पटना—800004

Website-www.biadabihar.in , Email- biada-bih@gov.in Phone: 0612-2675998 & 2675991

## सकारण आदेश

बिहार औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकार, पटना, द्वारा निविदा सूचना संख्या—14/BIADA/2022-2023 (ग्रुप सं.—6), निविदा आमंत्रण की तिथि—05.12.2022 के माध्यम से औद्योगिक क्षेत्र हाजीपुर में Construction of PCC Road & Resurfacing of Road का बचा अवशेष कार्य (फेज—2) हेतु निविदा आमंत्रित की गयी थी। वित्तीय बीड खोले जाने के उपरान्त Pratyaksha Construction Pvt- Ltd. को न्यूनतम दरदाता पाया गया एवं उन्हें सक्षम प्राधिकार से अनुमोदनोपरान्त कार्य का आवंटन किया गया।

निविदा में वित्तीय रूप से असफल एक निविदादाता सर्वश्री मारुती इंटरप्राइजेज के पार्टनर द्वारा वित्तीय रूप से सफल निविदादाता प्रत्यक्षा कंस्ट्रक्शन के बीड कैपेसिटी गलत जमा करने का आरोप लगाया गया है। मारुती इंटरप्राइजेज के पार्टनर से प्राप्त आरोप पत्र के आलोक में प्रत्यक्षा कंस्ट्रक्शन प्रा० लि० से स्पष्टीकरण पूछा गया। संवेदक प्रत्यक्षा कंस्ट्रक्शन द्वारा प्रत्युत्तर समर्पित किया गया जिसमे उनके द्वारा पत्र में की गयी पृच्छा का समुचित उत्तर नहीं दिया गया। साथ ही साथ मारुती इंटरप्राइजेज के पार्टनर से प्राप्त कागजात, जो प्रत्यक्षा कंस्ट्रक्शन प्रा० लि० के Existing Commitments and On-Going Works से संबंधित है, का सत्यापन Bihar Medical Services and Infrastructure Corporation Ltd एवं ग्रामीण कार्य विभाग, महुआ और महनार से ईमेल के माध्यम से कराया गया, जिसमे उनके द्वारा संवेदक द्वारा कराये जा रहे कार्य का सत्यापन किया गया। तदोपरांत संवेदक प्रत्यक्षा कंस्ट्रक्शन को इस संबंध में स्पष्टीकरण का पत्र निर्गत किया गया। संवेदक द्वारा समर्पित प्रत्युत्तर मे उनके द्वारा स्पष्ट किया गया कि मेरे द्वारा समर्पित कागजात सही है, परन्तु इस संबंध में उनके द्वारा कोई संतोषजनक साक्ष्य उपलब्ध नहीं कराया गया।

उपरोक्त वर्णित तथ्यों के आलोक में समीक्षोपरांत पाया गया कि संवेदक द्वारा निविदा संबंधी तथ्यों को प्राधिकार से छुपाने के परिवादकर्ता का आरोप सत्य है एवं संवेदक के अभ्यावेदन/प्रतिउत्तर को अस्वीकार करते हुए बियाडा निबंधन नियमावली के कंडिका 10 (ii) के आलोक में वर्णित नियमों के अनुरूप **Pratyaksha Construction Pvt- Ltd., Vill.+Post-Panapur, R-N-College, Mahnar, Hajipur, Vaishali** के निबंधन संख्या **BIADA/07/Class-I/2023** को प्राधिकार के ज्ञापांक 2073/Tech दिनांक 11.03.2024 के माध्यम से एक वर्ष के लिए निलंबित करते हुए बियाडा अन्तर्गत प्रकाशित होने वाले सभी निविदाओं में उनको भाग लेने से वंचित किया गया था।

संवेदक के निलंबन को एक वर्ष पूर्ण होने के उपरान्त संवेदक से प्राप्त अनुरोध पत्र के समीक्षोपरान्त **Pratyaksha Construction Pvt- Ltd., Vill.+Post-Panapur, R-N-College, Mahnar, Hajipur, Vaishali** के निबंधन को इस पत्र के निर्गत तिथि से बियाडा के डिबारमेन्ट सूची से विमुक्त किया जाता है। प्रस्ताव पर प्रबंध निदेशक, बियाडा, पटना का अनुमोदन प्राप्त है।

प्रबंध निदेशक का आदेश
दिनांक 16.04.2025

ह0/—
कार्यकारी निदेशक (परियोजना),
बियाडा पटना।

ज्ञापांक......................... Computer No.-193315 दिनांक...................................

प्रतिलिपि — Pratyaksha Construction Pvt- Ltd., Vill.+Post-Panapur, R-N-College, Mahnar, Hajipur, Vaishali को सूचनार्थ प्रेषित।

ह0/—
कार्यकारी निदेशक (परियोजना),
बियाडा, पटना

ज्ञापांक.......................... Computer No.- 193315 दिनांक....................................

प्रतिलिपि – अभियंता प्रमुख (कार्य प्रबंधन), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/ अभियंता प्रमुख, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना/ अभियंता प्रमुख, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना/ अभियंता प्रमुख, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना/अभियंता प्रमुख, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना/ मुख्य अभियंता, बिहार स्थानीय क्षेत्र विकास अभिकरण, पटना/ मुख्य अभियंता, लघु सिंचाई विभाग, बिहार, पटना/ मुख्य अभियंता, योजना एवं विकास विभाग, बिहार, पटना/ मुख्य अभियंता, बिहार राज्य शैक्षणिक आधारभूत संरचना विकास निगम लिमिटेड, बिहार, पटना/निदेशक (योजना कार्यान्वयन), आधारभूत संरचना विकास प्राधिकार, पटना/प्रबंध निदेशक, बिहार चिकित्सा सेवाएं आधारभूत संरचना निगम, पटना/ प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम, पटना/ प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना/मुख्य कार्यपालक अभियंता, बिहार ग्रामीण कार्य विकास अधिकरण, पटना/ प्रबंध निदेशक, बिहार शहरी आधारभूत संरचना विकास निगम लि0, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
**कार्यकारी निदेशक (परियोजना)**
बियाडा, पटना

ज्ञापांक....1702/Tech.... Computer No.- 193315 दिनांक....08/05/25....

प्रतिलिपि – आई0टी0 शाखा, बियाडा, पटना को बियाडा के वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

08/5/25
कार्यकारी निदेशक (परियोजना)
बियाडा, पटना